**Series ωZWYX** **Set-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **38**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# चित्रकला (सैद्धान्तिक)
# PAINTING (Theory)

*निर्धारित समय : **2** घण्टे* *अधिकतम अंक : **30***

*Time allowed : **2** hours* *Maximum Marks : **30***

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **7** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

## *सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***खण्ड क** में से सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।*

*(ii)* ***खण्ड ख** में से सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है ।*

*(iii)* ***खण्ड ग** में से किन्हीं **2** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है ।*

### खण्ड क

**1.** दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए : *8×1=8*

(i) रंग के गहरेपन की डिग्री है :

(a) तान

(b) बुनावट

(c) आकार

(d) स्थान

(ii) B, 2B, 4B, 8B, HB किसके प्रकार हैं ?

(a) ब्रश

(b) रंग

(c) कागज़

(d) पेंसिल

(iii) वर्ली कला को आप कैसे पहचानेंगे ?

(a) लाल पृष्ठभूमि पर सफेद रंग

(b) रंगीन बार्डर (हाशिये)

(c) अलग-अलग आकृति और रंग

(d) सभी प्राथमिक रंगों का प्रयोग

***General Instructions :***

*(i)* ***Section A*** *: Attempt all questions. Each question carries 1 mark.*

*(ii)* ***Section B*** *: Attempt all questions. Each question carries 2 marks.*

*(iii)* ***Section C*** *: Attempt any 2 questions. Each question carries 6 marks.*

## Section A

**1.** Select the correct answer from the given options : *8×1=8*

(i) The degree of darkness of a Colour is :

(a) Tone

(b) Texture

(c) Shape

(d) Space

(ii) B, 2B, 4B, 8B, HB are the types of :

(a) Brushes

(b) Colours

(c) Papers

(d) Pencils

(iii) How can you identify a Warli painting ?

(a) White paint on red background

(b) Colourful borders

(c) Multiple shapes and colours

(d) Use of all primary colours

(iv) सारनाथ का सिंह स्तम्भ किस वंश की कला का नमूना है ?

(a) गुप्त

(b) मौर्य

(c) माया

(d) कुषाण

(v) कला में 'संतुलन' व 'लय' क्या हैं ?

(a) कला के अवयव (षडंग)

(b) कला के तत्त्व

(c) कला का ज्ञान

(d) कला के नियम

(vi) वह चित्र क्या कहलाता है जिसे रंग भरने की जगह अलग-अलग कागज़ के टुकड़ों को चिपकाकर बनाया जाता है ?

(a) मोनोलिथिक

(b) कोलाज

(c) फ्रेस्को

(d) टेम्परा

(vii) एक बिन्दु से दूसरे बिन्दु तक स्थान तय करना क्या कहलाता है ?

(a) रंग

(b) रेखा

(c) बुनावट

(d) आकार (रूप)

(iv) The Lion capital of Sarnath is a specimen of the art of which dynasty ?

(a) Gupta

(b) Maurya

(c) Maya

(d) Kushan

(v) What are ‘Balance’ and ‘Harmony’ in Art ?

(a) Limbs of Art

(b) Elements of Art

(c) Knowledge of Art

(d) Principles of Art

(vi) The picture which is made by pasting different papers instead of painting is known as :

(a) Monolithic

(b) Collage

(c) Fresco

(d) Tempera

(vii) The path that a point takes from one place to another through space is called :

(a) Colour

(b) Line

(c) Texture

(d) Form

(viii) इनमें से कौन-सा कला का नियम ***नहीं*** है ?

(a) संतुलन

(b) स्थान

(c) विविधता

(d) अनुपात

**खण्ड ख**

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

*इस प्रश्न के उत्तर लगभग 50 – 100 शब्दों में अपेक्षित है :* *5×2=10*

**2.** (क) यह एलोरा में स्थिति सबसे बड़ा रॉक-कट प्राचीन हिन्दू मंदिर है, जो राष्ट्रकूटों द्वारा बनाया गया ।

- इस मंदिर को पहचानें व इसकी वास्तुकला की सुंदरता की व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

(ख) आपके दृष्टिकोण से कला का सबसे महत्त्वपूर्ण तत्त्व कौन-सा है और क्यों ?

**3.** (क) मधुबनी कला का सम्बन्ध किस राज्य से है ? मधुबनी कला की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ?

**अथवा**

(ख) रंग प्रकाश के परावर्तन की सहायता से विभिन्न संवेदनाओं को उत्पन्न करने के लिए किसी वस्तु द्वारा धारण किया गया गुण है ।

- रंग के तीन गुणों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

(viii) Which of these is ***not*** a principle of art ?

(a) Balance

(b) Space

(c) Variety

(d) Proportion

## Section B

## (Short-answer type questions)

*Answer for this question is expected in 50 – 100 words :* *5×2=10*

**2.** (a) It is the largest rock-cut ancient Hindu temple located at Ellora, constructed by the Rashtrakutas.

- Identify and explain the architectural beauty of this temple.

**OR**

(b) Which is the most important element of art in your view and why ?

**3.** (a) Madhubani art form belongs to which State ? What are the main characteristics of Madhubani art ?


**OR**

(b) Colour is a property possessed by an object to produce different sensations with the help of reflection of light.

- Explain in short the three properties of colour.

**4.** (क) रंगों को भरने के लिए पेन्टब्रश सबसे आम उपकरण है । दिए गए आरेख में, पेन्टब्रश के निम्नलिखित भागों को चिह्नित कीजिए :

ब्रिसल; फेरूल; क्रिम्प; हैंडल




**अथवा**

(ख) कला के तत्त्वों का भारत की वर्ली लोक कला में किस प्रकार उपयोग हुआ है, संक्षेप में समझाइए ।

**5.** (क) जलरंग पानी में घुलनशील होते हैं इसीलिए उनमें पानी मिलाकर विभिन्न तानों को बनाया जा सकता है । निम्नलिखित जलरंग तकनीकों में से किन्हीं ***दो*** की संक्षेप में व्याख्या कीजिए :

- वॉश तकनीक
- सूखे पे गीला
- गीले में गीला

**अथवा**

(ख) अपनी कला के माध्यम के रूप में 'ऑयल पेस्टल' रंगों को इस्तेमाल करने के कोई दो फायदे व कोई दो नुकसान लिखिए ।

**6.** (क) सारनाथ सिंह स्तम्भ को डियर पार्क वाराणसी की सरहद पर खड़ा किया गया था । यहाँ पर भगवान बुद्ध ने धर्म चक्र प्रवर्तन कानून पर अपना पहला उपदेश दिया था ।


- उन चार पशुओं के नाम बताइए जो इस स्तम्भ की चौकी पर बने हैं ।
- सिंह स्तम्भ की संरचना की संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

(ख) अन्तराल (Space) क्या है ? सक्रिय अन्तराल व निष्क्रिय अन्तराल में क्या अंतर है ?

**4.** (a) Paintbrush has been the most common tool used to fill in colours. In the given diagram, mark the following parts of the paintbrush :

Bristles; Ferrule; Crimp; Handle




**OR**

(b) Explain in brief how elements of art have been used in the 'Warli' folk art of India.

**5.** (a) Water colours are water soluble and are used with water in varying consistency to create different tones. Explain in short any ***two*** of the following water colour techniques :

- Wash technique
- Wet on dry
- Wet into Wet

**OR**

(b) Write any two advantages and any two disadvantages of using 'Oil Pastels' as a medium for your art ?

**6.** (a) The Sarnath Lion capital was erected at the Deer Park on the outskirts of Varanasi. Here Buddha had preached his first sermon and set the wheel of law in motion — Dharma Chakra Pravartana.

- Write the name of four animals that are carved on its abacus.
- Explain in brief the structure of Lion capital.

**OR**

(b) What is space ? What is the difference between positive space and negative space ?

## खण्ड ग

### (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

**7.** दिए गए विकल्पों से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । इन प्रश्नों के उत्तर 100 – 200 शब्दों में अपेक्षित हैं : *2×6=12*

(क) यह असाधारण फ्रेस्को पेंटिंग प्रारंभिक मध्यकालीन भारत में बनी हुई है, व अजंता की रॉक-कट गुफा के आंतरिक भाग में संरक्षित है ।

- अपने पाठ्यक्रम में शामिल इस चित्र की पहचान कीजिए व इस चित्र की विशेषताएँ लिखिए :

(ख) "कला के नियमों का प्रयोग कला के तत्त्वों को संयोजन में सही तरह से बनाने में इस्तेमाल होता है । एक कला तभी सफल कलाकृति बनती है जब कला के नियमों का सही से पालन हो ।" इस कथन पर आधारित, कला के किन्हीं ***तीन*** नियमों के महत्त्व पर प्रकाश डालिए :

- ताल/गति
- अनुपात
- लय/एकता
- वैपरीत्य/प्राबल्य

(ग) कला कृति बनाने के लिए विभिन्न उपकरणों का प्रयोग होता है । 'ब्रश व कागज़' सबसे आम उपकरण हैं ।

- कला में उपयोग किए जाने वाले किन्हीं तीन प्रकार के ब्रशों व किन्हीं तीन प्रकार के कागज़ों की विस्तृत व्याख्या कीजिए ।

## Section C

## (Long-answer type questions)

**7.** Attempt any ***two*** questions from the given options. Answers to these questions are expected in 100 – 200 words : *2×6=12*

(a) This extraordinary fresco painting survives from early medieval India, is preserved in the interior of the rock-cut cave of Ajanta.

- Identify the painting from your syllabus and write about the features of this painting.

(b) "The principles of art are used to organize the elements of art to make a composition. An artwork is complete only when the principles of art are successfully executed." Based on this statement, throw light on the importance of any ***three*** principles of art :

- Rhythm/Movement
- Proportion
- Harmony/Unity
- Emphasis/Dominance

(c) A variety of tools are used to create art. Most common tools include 'brushes and papers'.

- Explain in detail any three types of brushes and any three types of papers used in art.